an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Patan Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid.

श्री जगदीश ठाकोर (पाटन): महोदया, मेरा निर्वाचन क्षेत्र पाटन, गुजरात आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक रूप से प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से काफी पिछड़ा है। यहां पर केन्द्र सरकार का कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। मेरे क्षेत्र की जनता का बहुत आग्रह है कि क्षेत्र में कम से कम एक केन्द्रीय विद्यालय की संस्तुति शीघ्र प्रदान करें।

मेरा सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से अनुरोध है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावना को ध्यान में रख शीघ्र एक केन्द्रीय विद्यालय की संस्तुति प्रदान करें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय मंत्री जी जन भावना का आदर, सम्मान करेंगे।